Daily Current Affairs 30 July 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 29 जुलाई को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस
• प्रतिवर्ष 29 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मनाया जाता है। यह दिन दुनिया के बाघों की आबादी के समक्ष आने वाले खतरों के बारे में जागरूकता का प्रसार करने हेतु मनाया जाता है। वे संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र के अति आवश्यक प्राणी है।
• वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) के अनुसार, जैसा कि बाघ शीर्ष शिकारी है, इसलिये वह पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र को संतुलित बनाए रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

2. यूक्रेन के राष्ट्रपति को विंस्टन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से किया गया सम्मानित
• हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को विंस्टन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड प्रदान किया गया। संकट के समय में विंस्टन चर्चिल और ज़ेलेंस्की की तुलना करने के बाद, ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने 26 जुलाई, 2022 को यह पुरस्कार प्रदान किया है।
• 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के खिलाफ खड़े होने और वापस लड़ने के लिए वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। ऐसी स्थिति 1940 में चर्चिल ने भी झेली थी।

3. तमिलनाडु सरकार ने शुरू की 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना'
• हाल ही में तमिलनाडु सरकार ने वर्ष 2022-23 के दौरान राज्य भर में कक्षा एक से पाँच में 1.14 लाख से अधिक बच्चों को लाभान्वित करने के लिए 1,545 सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' के पहले चरण को लागू करने का आदेश जारी किया है।
• मुख्यमंत्री स्टालिन ने छात्रों से कहा कि चूंकि वे सुबह नाश्ता छोड़कर स्कूल आ रहे हैं, इसलिए सरकार ने सरकारी स्कूलों में नाश्ता उपलब्ध कराने का फैसला किया है।इसके तहत क्षेत्र में उपलब्ध बाजरे से बना नाश्ता छात्रों को सप्ताह में कम से कम दो दिन उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रत्येक छात्र को सब्जियों के सांबर के साथ 150-500 ग्राम नाश्ते का पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज को किया लॉन्च
• 29 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में भारत के पहले अंतर्राष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज (International Bullion Exchange) को लॉन्च किया है। गांधीनगर के पास इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) में इस एक्सचेंज को लॉन्च किया है।
• यह एक्सचेंज फिजिकल गोल्ड और सिल्वर की बिक्री करेगा। इसको शंघाई गोल्ड एक्सचेंज और बोरसा इस्तांबुल की तर्ज पर स्थापित करने का लक्ष्य है, ताकि भारत को बुलियन फ्लो के लिए एक प्रमुख क्षेत्रीय केंद्र बनाया जा सके। बता दें कि यह एक्सचेंज एक साल की देरी, कई ट्रायल और ड्राई रन के बाद लॉन्च किया हुआ है।

5. महाराष्ट्र सरकार जनजातीय क्षेत्रों में 'हर घर ऊर्जा उत्सव' कर रही है आयोजित

Daily Current Affairs 30 July 2022

• हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा है कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में हर घर ऊर्जा उत्सव आयोजित कर ग्रामीण लोगों के जीवन में प्रकाश लाने के लिये प्रतिबद्ध है। महाराष्ट्र के ठाणे ज़िले के शाहपुर में आयोजित ऊर्जा उत्सव उज्ज्वल भारत-उज्ज्वल भविष्य-पॉवर@2047 को भेजे संदेश में मुख्यमंत्री ने राज्य भर में कार्यक्रम के विस्तार पर ज़ोर दिया।
• शाहपुर में ऊर्जा उत्सव भारत की आज़ादी के 75वें वर्ष के सिलसिले में आयोजित किया गया। हालाँकि महाराष्ट्र देश में ऊर्जा क्षेत्र में सदैव अग्रणी रहा है। इसके साथ ही सरकार ने प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला किया है जिससे एक करोड़ 66 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को फायदा होगा, वहीं केंद्र सरकार ने तटीय ज़िलों के लिये भूमिगत केबल लगाने की योजना बनाई है।

6. गुजरात सेमीकंडक्टर नीति शुरू करने वाला भारत का पहला राज्य बना
• हाल ही में गुजरात सरकार ने सेमीकंडक्टर पॉलिसी 2022-27 की घोषणा की है। इसके साथ गुजरात देश का पहला राज्य बन गया है जिसने यह नीति जारी की है। इसका मकसद इस क्षेत्र में नए निवेश को आकर्षित करना है। नई नीति के तहत राज्य सरकार प्रोत्साहन एवं सब्सिडी की पेशकश कर रही है।
• इस नीति के तहत धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में धोलेरा सेमीकॉन सिटी स्थापित की जाएगी।गुजरात राज्य में स्थानीय सेमीकंडक्टर चिप उत्पादन क्षेत्र में तेज़ एवं समावेशी वृद्धि को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता के साथ इस नीति की घोषणा की गई है। इस नीति के माध्यम से आगामी पांच वर्षों में लगभग दो लाख रोजग़ार का सृजन होगा।

7. तेलंगाना में मनाया गया बोनालु महोत्सव
• जुलाई 2022 में दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में बोनालु त्यौहार को मनाया गया है। बोनालु या महाकाली बोनालु एक हिन्दू त्यौहार है जिसमे देवी महाकाली की पूजा की जाती है। यह त्यौहार सालाना तौर पर तेलंगाना के शहर हैदराबाद सिकंदराबाद और आस पास से जुड़े अन्य क्षेत्रों में ख़ास तौर पर मनाया जाता है।
• इस त्यौहार को हिन्दू केलिन्डर के मुताबिक़ आषाढ मास में मनाया जाता है जो अंग्रेज़ी केलिन्डर के हिसाब से जुलाई और अगस्त महीने के बीच में पड़ता है। इस त्यौहार के दौरान येल्लम्मा या महाकाली की पूजा की जाती है। यह त्यौहार देवी की कृपा के बदले दिए जाने वाले धन्यवाद के तौर पर मनाया जाता है.

8. RBI ने मार्च 2022 के लिए डिजिटल भुगतान सूचकांक की घोषणा की
• 27 जुलाई, 2022 को भारतीय रिज़र्व बैंक ने देश भर में भुगतान के डिजिटलीकरण के विस्तार का पता लगाने के लिए मार्च 2018 को आधार मानकर एक समग्र भारतीय रिज़र्व बैंक- डिजिटल भुगतान सूचकांक (RBI-DPI) निर्मित करने की घोषणा की थी। यह सूचकांक मार्च 2022 में 349.30 रहा, जोकि 19 जनवरी, 2022 को घोषित किए अनुसार सितंबर 2021 के 304.06 था।

9. इंग्लैंड के लीसेस्टर क्रिकेट ग्राउंड का नाम सुनील गावस्कर के नाम पर रखा गया
• हाल ही में इंग्लैंड के लीसेस्टर क्रिकेट ग्राउंड का नाम भारत के महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर के नाम पर रखा गया है। लीसेस्टर क्रिकेट ग्राउंड, जिसका स्वामित्व भारत स्पोर्ट्स एंड क्रिकेट क्लब के पास है, भारतीय क्रिकेट को एक निश्चित ऊंचाई तक ले जाने में उनके अपार योगदान को देखते हुए इस मैदान का नाम गावस्कर दिया गया है।

Daily Current Affairs 30 July 2022

• यह पहली बार है जब इंग्लैंड में किसी क्रिकेट स्टेडियम का नाम भारतीय क्रिकेटर के नाम पर रखा गया। दरअसल इस मैदान के नाम को बदलने की मुहिम इंग्लैंड के सांसद कीथ वाज ने शुरू की थी। इससे पहले कैंटकी और तंजानिया के जांसीबार में भी गावस्कर के नाम पर स्टेडियम का नाम रखा जा चुका है।

10. INS तरकश ब्राजील के रियो डी जनेरियो में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा

• 15 अगस्त, 2022 को स्वतंत्रता दिवस पर ब्राजील में भारतीय तिरंगा फहराया जाएगा। इसके लिए भारतीय नौसेना के आईएनएस तरकश ने बड़ी तैयारी की है। आईएनएस तारकश ब्राजील के रियो डी जनेरियो में स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा।

• नौसेना के अनुसार भारतीय नौसेना के गाइडेड मिसाइल युद्धपोत आईएनएस तरकश ने भूमध्यसागरीय तैनाती पूरी कर ली है और अब लंबी दूरी की यात्रा पर अटलांटिक में प्रवेश किया है।

• आईएनएस तारकश ब्राजील के रियो डी जनेरियो का दौरा करने के लिए दक्षिण अमेरिका जा रहा है और 15 अगस्त 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा।